

नवभारत
भोपाल, रविवार, 31 मई, 2026

तेज आंधी से विद्युत पोल सहित पेड़ धराशायी

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। शुक्रवार रात चली आंधी ने जमकर कहर बरसाया, जिसके कारण जहां लोगों के घरों के छान छप्पर उड़ते दिखाई दिए, तो वहीं जिलेभर में आधा दर्जन से अधिक विद्युत पोल धरासाई हो गए, जिसके कारण घंटो तक बिजली सप्लाई प्रभावित हुई। इसके अलावा तेज आंधी पर कई पेड़ भी जमीदोज हो गए, जिनकी बजह से मार्ग अवरूद्ध रहा। तो वहीं इस आंधी में करीब आधा दर्जन से लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरअसल शुक्रवार रात 10 बजे से अचानक से मौसम में बदलाव हुआ तेज गति से हवाएं चलने लगी, तो थोड़े ही समय में आंधी में तब्दील हो गई। हवार की रफ्तार इतनी तेज थी कि घरो पर लगे टीन शैड टूट गए, तो वहीं छत्तो पर रखी सोलर प्लांट भी उखड़ गए। तेज आंधी के बाद बारिश हुई, जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। लेकिन आंधी ने इतना कहर बरपा से जो शनिवार की सुबह देखने को मिला। जानकारी के मुताबिक जिले में दर्जनभर के करीब वर्षो पुराने पेड़ धरासाई हो गए। जिनकी बजह से मार्ग अवरूद्ध रहा, जिन्हें सुबह राहगीरों हटाया गया।

पोल टूटे, फीडर पर गिरा पेड़, ट्रांसफार्मर हुए फाल्ट

शुक्रवार रात्रि में चली तेज आंधी के कारण जिलेभर में विद्युत पोल सहित पेड़ गिरने की सूचना प्राप्त हुई। तो वहीं अशोकनगर में मंडी में लगी हाईमास्ट लाईट पोल टूट गया, इसके अलावा विदिशा रोड़ फीडर पेड़ गिर गया, तो वहीं एक ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो गया, जिसकी बजह से शहर के कई इलाको में बिजली सप्लाई घंटो प्रभावित हुई। वहीं आंधी थमने के बाद विद्युत कर्मियों द्वारा रात्रि के समय फाल्ट आदि को खोजने के साथ ही ठीक करने का कार्य किया, जिसके बाद लोगों के घरों में घंटो बाद बिजली सप्लाई चालू हो सकी।

पेड़ गिरने से मार्ग हुए अवरुद्धः

हवा आंधी के बीच रात में गरज चमक के साथ झमाझम बारिश के कारण म्याना रोड रुसल्ला पर रास्ते में गिर गया, जिसकी बजह से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। इसके अलावा नईसराय के कई घरों के टीन और चादर उड़ गए, जिनके नुकसान का आंकलन प्रशासन द्वारा सुबह लगाया। इसके अलावा नईसराय तहसील के अंतर्गत कई बिजली के पोल भी टूट गए, जिन्हें दुरूस्त करने में विद्युत विभाग को घंटो का समय लगा।

छत से गिरा वृद्ध, ऑटो पलटने से आधा दर्जन घायलः

जिले में शुक्रवार को आंधी और तूफान का कहर शहर में भी देखने को मिला, जहां त्रिलोकपुरी में छत पर सो रहा एक वृद्ध खाट सहित नीचे गिर गया, तो वहीं बांधी के बचने के लिए सड़क किनारे खड़ा एक ऑटो भी पलट गया, दोनो ही घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में 11 वर्षीय गौरव पुत्र दिनेश, 9 वर्षीय रितेश के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। इसके अलावा 26 वर्षीय रचना पत्नि भरत अहिरवार, 60 वर्षीय अलफो पत्नि श्याम लाल अहिरवार, 50 वर्षीय रामकली पत्नि समलिया, 25 वर्षीय मनीषा पत्नि राजपाल अहिरवार, 26 वर्षीय ऑटो चालक राजपाल पुत्र समलिया और 29 वर्षीय भरत पुत्र समलिया घायल हुए हैं। वहीं शहर की त्रिलोकपुरी कॉलोनी के 55 वर्षीय रमेश पुत्र मोवत सिंह सेन अपने घर की छत पर सो रहे थे। तेज आंधी से उनकी खाट पलट गई और वे खाट के साथ ही सीधे छत से नीचे गिर गए। जिसमें उन्हें गंभीर चोटे आई है।

बामौरीताल में नई डीपी लगाने पर विवाद, 7 पर केस दर्ज

नवभारत न्यूज

शाढ़ौरा। थाना क्षेत्र के ग्राम बामौरीताल में नई विद्युत डीपी (ट्रांसफार्मर) स्थापित करने को लेकर विवाद सामने आया है। अहिरवार समाज के लोगों की शिकायत पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। समाज के लोग शुक्रवार शाम थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

बामौरीताल निवासी 32 वर्षीय रघुराज अहिरवार ने अन्य ग्रामीणों के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि अहिरवार समाज की बस्ती में पहले से लगी विद्युत डीपी पर अधिक भार होने के कारण क्षेत्रीय विधायक से 63 केवी की नई डीपी लगाने की मांग की गई थी। यह मांग स्वीकृत होने के बाद डीपी स्थापना का कार्य शुरू किया गया था। 30 जनवरी को डीपी के लिए खंभे लगाए जा चुके थे। एक खंभा क्षतिग्रस्त होने के कारण 28 मई को नया खंभा ट्रैक्टर से सार्वजनिक रास्ते से ले जाया जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने रास्ते में ट्रैक्टर रोककर खंभे को आगे नहीं जाने दिया।

फरियादी रघुराज अहिरवार ने आरोप लगाया कि विरोध करने वाले लोगों ने ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उन्हें अपमानित किया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि डीपी स्वीकृत कराने वाले क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ भी अपमानजनक और जातिसूचक टिप्पणियां की गईं। घटना से जुड़ा एक वीडियो साक्ष्य के रूप में उपलब्ध होने का दावा किया गया है, जो सोशल मीडिया पर भी वायरल बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में पुरानी विद्युत लाइन के खंभे को क्षतिग्रस्त कर उसकी केबल खींच दी गई थी, जिससे बस्ती के लोग बिजली सुविधा से वंचित हो गए थे। कहना है कि नई डीपी की स्थापना में जानबूझकर बाधा उत्पन्न की जा रही है, जिसके कारण भीषण गर्मी में पूरे मोहल्ले को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शाढ़ौरा पुलिस ने शिकायत के आधार पर हल्के रजक, सिरनाम रजक, सोनू रजक, शिवचरण रजक, मुन्नी रजक, खुमान पाल और नीलम पाल सहित सात आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

कांग्रेसियों ने कलेक्टर से मिलने पकड़े पुलिस कर्मियों के पैर

खाद, बिजली और महंगाई को लेकर कांग्रेस ने दिया दो दिवसीय धरना, ज्ञापन के दौरान दिखा नजारा

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर उस समय दिलचस्प नजारा देखने को मिला, जब कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कलेक्टर से मिलने के लिए पुलिस अधिकारियों के पैर पकड़ लिये, यह देखकर पुलिसकर्मियों द्वारा कांग्रेस नेताओं को जमीन से उठाया गया और आमने सामने की वार्तालाप हुई, इसके बाद कांग्रेस नेताओ को एक प्रतिनिधि मंडल किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट से मिला, जहां खाद उपलब्धता कराने के लिए कलेक्टर ने कांग्रेसियों को आश्वास्त किया।

बढ़ती महंगाई ने तोड़ी कमर, तो खाद और बिजली न मिलने से परेशान हो रहे किसान

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि जिले वर्तमान समय में अघोषित बिजली कटौती से किसान परेशान है, तो वहीं खाद की किल्लत के चलते किसानों को काफी परेशानी हो रही है। क्योंकि आने वाले कुछ ही दिनों में खरीफ सीजन की फसलों की बुवाई शुरू होगी, लेकिन अधिकांश किसानों के पास खाद उपलब्ध नहीं है। तो वहीं डीजल-पैट्रोल की लगातार हो रहीं मूल्य वृद्धि ने किसानों सहित आम आदमी की कमर तोड़ दी, जिसके चलते यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था। यह विरोध प्रदर्शन किसान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुखभान सिंह यादव, पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विशाल सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में किया गया। जिसके चलते दूसरे दिन विधायक हरीबाबू राय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी एकत्रित हुए थे।

दरअसल खाद की समस्या, बिजली कटौती और डीजल-पैट्रोल की बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा कलेक्ट्रेट के सामने दो दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया था, जहां समापन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन देने के लिए जैसे ही आगे बड़े तो उन्हें पुलिस द्वारा बेरीकेट्स लगाकर रोक लिया, जिसे देखकर कांग्रेस नेताओ और पुलिसकर्मियों में तीखी बहस होती नजर आई। तो वहीं नेताओं ने बैरिकेड धकेलकर अंदर जाने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो सके, तो कांग्रेस नेता सुखभान यादव ने अंदर जाने के लिए पुलिसकर्मियों के पैर पकड़ लिये, जिसे देख पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें जमीन से उठाया गया। इसके अलावा एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस नेता सुखभान यादव ने बताया कि कलेक्टर ने अश्वासन दिया है कि अगले दो दिनों में जिले में एनपीके खाद की रैक पहुंच जाएगी, जिसे जल्द ही किसानों को वितरित किया जाएगा।

एक नजर में

तीर्थदर्शन यात्रा हेतु विशेष ट्रेन 4 जून को

अशोकनगर । मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्याा वाराणासी तीर्थ दर्शन यात्रा हेतु अशोकनगर जिले से अयोध्या वाराणासी तीर्थ दर्शन हेतु 5 जून के स्थान अब यह विशेष ट्रेन 4 जून को रवाना होगी तथा 9 जून को वापिस आयेगी।

कंट्रोल रूम स्थापित

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर डीएन सिंह द्वारा जिला स्तर पर ई-विकास पोर्टल से ई-टोकन से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु ई-दक्ष केन्द्र कक्ष क्रमांक 112 कलेक्टर कार्यालय अशोकनगर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के लिए असिस्टेंट टेक्नोलोजी मैनेजर चन्द्रकांत तिवारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

समान नागरिक संहिता के संबंध में जनपरामर्श हेतु बैठक आयोजित

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य प्रो.गोपाल शर्मा शिक्षाविद की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जन परामर्श हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में समान नागरिक संहिता से जुड़े सामाजिक, विधिक एवं प्रशासनिक पहलुओं पर जनप्रतिनिधियों,सामाजिक संगठनों तथा विभिन्न वर्गों से सुझाव प्राप्त किये गए।

बैठक उच्च स्तरीय समिति के सदस्य प्रो.गोपाल शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के पूर्व सुझाव आमंत्रित किये जा रहे है। जनपरामर्श बैठक के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

मंडल मुंगावली मै भाजपा की जिला कार्यशाला हुई आयोजित

मुंगावली। भारतीय जनता पार्टी ने देश में मोदी सरकार के 12 साल विश्वास, विकास, और जनकल्याण के विषय पर एक जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मण्डल मुंगावली में विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव की अध्यक्षता मै आयोजित की की गई। कार्यशाला का शुभारंभ पार्टी पितृ पुरुष श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी एवं कार्यशाला के जिला संयोजक दीपक पालीवाल रहे। वहीं कार्यशाला में मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, अशोकनगर के पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी के अशोकनगर नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया के साथ कई अन्य वरिष्ठि कार्यकर्ताओं के साथ जिले के सभी 17 मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री नरेश ग्वाल के द्वारा किया गया।

16 दिनों तक आयोजित किए जाएंगे विभिन्न कार्यक्रमः

12 साल बेमिसाल के टोली के जिला संयोजक दीपक पालीवाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी अपने 12 सालों के कार्यकाल में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य किया। पालीवाल के द्वारा कार्यकर्ताओं के समक्ष कार्यक्रम की रुपरेखा के तहत चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी।

पति ने गला दबाकर की थी आशा कार्यकर्ता की हत्या, देवर ने मिटाए सबूत

घर के फर्श पर टूटी पड़ी चूड़ियां और कान की बाली बने हत्या के खुलासे की वजह

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। गुरुवार रात को थानाक्षेत्र के झांसाखेड़ी गांव में आशा कार्यकर्ता की संदिग्ध मौत की गुत्थी सुलझ गई है। पुलिस ने शुक्रवार को आशा कार्यकर्ता के पति एवं देवर को हिरासत में लेकर जब सख्ती से पूछताछ की तो दोनों आरोपियों ने सब कुछ उगल दिया। पुलिस ने मर्ग में हत्या की धाराओं एवं सबूत मिटाने की धाराओं का इजाफा करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

दरअसल, गुरुवार रात को झांसाखेड़ी निवासी शिशुपाल कुशवाह अपने एक साथी के साथ अशोकनगर की जिला अस्पताल में भाभी ज्योति कुशवाह का मृत शरीर लेकर पहुंचा था। जहां उसने मौत की वजह ज्योति द्वारा फांसी लगाना बताया था। घटना की जानकारी मृतका के मायके पक्ष को हुई और वह अस्पताल पहुंचे तो शिशुपाल मौके से भाग निकला। पूछताछ में सामने आया कि मृतका आशा कार्यकर्ता थी, उसका विवाह 14 वर्ष पहले झांसाखेड़ी के रणवीर कुशवाह से हुआ था और दोनों के तीन बच्चे भी हैं। करीब 6 वर्ष पूर्व से पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद का एक प्रकरण न्यायालय में भी चल रहा था। मायके पक्ष ने हत्या के आरोप लगाए थे। यहीं से पुलिस का माथा ठनका और जब मामले की तफ्तीष की गई तो खुलासा हुआ कि रणवीर ने महिला की हत्या की और भाई के साथ मिलकर हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश कर पुलिस को गुमराह किया गया।

घर के फर्श पर थे संघर्ष के निशान

बताया गया है कि पुलिस जब झांसाखेड़ी पहुंची तो मृतका के घर के फर्श पर संघर्ष के निशान साफ-साफ दिखाई दे रहे थे। फर्श पर उसकी टूटी हुई चूड़ियां एवं कान की बाली पड़ी हुई थी। इसके बाद रणवीर एवं शिशुपाल को हिरासत में लेकर थाने लाया गया। जहां जब पुलिस ने सख्ती बरती तो दोनों टूट गए। रणवीर ने बताया कि पत्नी के साथ उसका अक्सर विवाद होता था। यह विवाद लेन देन का भी था और पारिवारिक भी। ऐसे में गुरुवार रात को जब विवाद बढ़ गया तो उसने गला घोंट कर पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद भाई को बुलाकर शव फांसी पर लटका दिया ताकि घटना को आत्महत्या का रूप दिया जा सके।

इनका कहना है।

हम जब घटना स्थल पर पहुंचे तो वहां की परिस्थितियां हत्या की ओर इशारा कर रही थीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी गला घोंट कर हत्या करना आया था। आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 1 एवं 238 ए के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय भेजा गया था, जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है।

नीलम सिंह यादव,
थाना प्रभारी, बहादुरपुर

धर्म-कर्म

महिदपुर में निकलेगी 1100 कलशों की भव्य कलश यात्रा

श्री रामकथा, यज्ञ एवं रामलीला महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज

नवभारत न्यूज

नईसराय। ग्राम महिदपुर में धार्मिक आस्था और भक्ति का विशाल आयोजन होने जा रहा है। श्री संपूर्ण हनुमान जी तला वाले परिसर में आयोजित होने वाले श्रीराम कथा, हवन-यज्ञ एवं रामलीला महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ होगा, 1100 कलशो के साथ निकाली जाने वाली में 1100 महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल होंगी। यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया जाएगा।

ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों, भक्ति गीतों और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय रहेगा।

कलश यात्रा के पश्चात विधि-विधान से हवन-यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार किए जाएंगे। इसके बाद श्रीराम कथा एवं रामलीला महोत्सव का शुभारंभ होगा। कथा के दौरान विद्वान संत-महात्माओं के मुखारविंद से भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का सुंदर वर्णन किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन भव्य रामलीला मंचन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। ग्रामीणों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

उर्वरक वितरण के संबंध में अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

अशोकनगर। कलेक्टर 0 साकेत मालवीय के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर डीएन सिंह द्वारा खरीफ 2026 हेतु जिला स्तर पर उर्वरक कंपनियों से प्राप्त रैक को रैक पॉइंट से उर्वरक वितरण प्लान अनुसार डबल लॉक केन्द्रों, एमपी एग्रो, समितियों, निजी विक्रेताओं के यहां समय-सीमा में ट्रांसपोर्टेशन एवं अन्य समस्याओं के निराकरण कराने हेतु जिला विपणन अधिकारी से समन्वय करने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाये जाने हेतु आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार नायब तहसीलदार शाढ़ौरा कार्तिकेय मुदगल मो नं. 7974836244, मुकेश रघुवंशी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अशोकनगर मो.नं.8770139756 की ड्यूटी लगाई गई है।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार एच.डी.एफ.सी. बैंक चंदेरी द्वारा, Khalsa Traders Pro. Bahadur Singh Sikh के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त प्रक्रिया में दस्तावेज जो विक्रेता 1. कुसुमबाई रैकवार पत्नि श्री बाबूलाल रैकवार, 2. सुरेश रैकवार 3. मनोज कुमार रैकवार 4. राजेन्द्र रैकवार 5. दिनेश रैकवार पुत्रगण श्री बाबूलाल रैकवार द्वारा, विक्रीत की भूमि प.ह.न. 51, सर्वे नं 307/4/2/1, क्षैत्रफल 750 वर्गफीट ग्राम सरांय (रोड पर) तहसील चन्देरी जिला अशोकनगर का विक्रय किया था, जो क्रेता श्रीमति संगीता जैन पत्नि श्री जीवन कुमार जैन द्वारा क्रय किया गया था, जिसका दस्ता० क्र. MP47312024A1844440 दिनांक 02.07./2024 है, एवं दूसरा दस्तावेज जो विक्रेता 1. कुसुमबाई रैकवार पत्नि श्री बाबूलाल रैकवार, 2. सुरेश रैकवार 3. मनोज कुमार रैकवार 4. राजेन्द्र रैकवार 5. दिनेश रैकवार पुत्रगण श्री बाबूलाल रैकवार द्वारा, विक्रीत की भूमि प.ह.न. 51, सर्वे नं 307/4/2/1, क्षैत्रफल 2625 वर्गफीट ग्राम सरांय (रोड पर) तहसील चन्देरी जिला अशोकनगर का विक्रय किया था, जो क्रेता श्रीमति संगीता जैन पत्नि श्री जीवन कुमार जैन द्वारा क्रय किया गया था, जिसका दस्ता. क्र. MP47312024A1498636 दिनांक 23.04.2024 है, उक्त दोनो मूल दस्तावेज (रजिस्ट्री) कहीं गुम हो गया हैं।

यदि किसी व्यक्ति को मिले हो तो कृपया मुझे प्रदान करें अथवा मुझसे संपर्क करें।

उक्त दस्तावेज का इस्तेमाल कोई करे या खरीदे तो इसके लिए खरीददार स्वयं जिम्मेदार होगा। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आज से सात दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचना कर्ता-
संजीव कुमार सोनी, एड्वोकेट
बीएसएनएल ऑफिस के सामने
स्टेशन रोड मुंगावली, जिला अशोक नगर
फोन-. 8109646909